

ISWP

# THE INDIAN STEEL & WIRE PRODUCTS LIMITED

A TATA Enterprise






TPM

AWARD FOR EXCELLENCE IN CONSISTENT TPM COMMITMENT - 2020

The Indian Steel & Wire Products Limited
(A Subsidiary of TATA Steel Limited)

This is to certify that your organization has achieved a most effective production system. Your implementation of TPM activities has brought about remarkable results in productivity, product quality, cost reduction and company culture improvement.

We hereby present this AWARD FOR EXCELLENCE IN CONSISTENT TPM COMMITMENT for Year 2020 in recognition of the efforts and contributions made by those who are concerned and honor your organization's outstanding achievements.

Approval Date: February 3, 2021
Certificate No.: 20CT004011

Chairman YOSHIHIKO KAKIMI
Japan Institute of Plant Maintenance




# तार समाचार

अप्रैल-जून 2021



# प्रबंध निदेशक की कलम से



प्रिय साथियों,

वर्ष 2020 हम सभी देशवासियों के लिए अत्यंत चुनौती पूर्ण रहा। कोरोना महामारी के प्रभाव से हमारा ISWP परिवार और कार्यस्थल भी अछूता नहीं रहा। मैं उन कर्मचारियों और उनके परिवारों के प्रति शोक व्यक्त करता हूँ जिन्हे हमने महामारी के कारण खो दिया है। हम अभी भी एक कठिन परिस्थिति में हैं और हमें अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है।

टाटा कंपनी होने के नाते, हमने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड संबंधी सभी निर्देशों का सख्ती से पालन किया है। आई.एस.डब्ल्यू.पी हॉस्पिटल में टीकाकरण कैंप का आयोजन किया, जिसमे 45+ कर्मचारियों एवं परिवारों के लिए टीका उपलब्ध कराया गया, साथ ही यह सुनिश्चित किया गया की कंपनी परिसर में प्रवेश करने वाले ठेकाकर्मचारियों ने टीकाकरण कराया है।

TPM की कार्यशैली अपनाकर हम अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को उत्कृष्टता के स्तर पर ले जाने के दृढ़ सकल्प पर लगातार काम कर रहे है। वर्ष 2020 में ISWP को जापान की संस्थान JIPM द्वारा "Excellence in Consistence TPM Commitment" के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हमारी मेहनत और उत्कृष्टता के प्रति हमारे इच्छाशक्ति का सम्मान है। उत्कृष्टता की इस यात्रा को जारी रखते हुए हम TPM के अगले स्तर को चुनौती देने के लिए TPM लेवल 3 की हमने शुरुआत की है।

इन कठिन समय में कंपनी के प्रदर्शन को बनाए रखने के लिए नवीन विचारों को अपनाने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे है । हमें परफॉर्मेंस ओरिएंटेड कल्चर की जरूरत है और इस दिशा में हम काम कर रहे है। हमें हमारे मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है हमे काम करने के लिए नए और प्रभावी तरीके खोजने चाहिए। कर्मचारियों को और सशक्त बनाने की दिशा में कंपनी ने टीम लीड नामक पहल की है। जिसमे कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्रों की सम्पूर्ण परफॉरमेंस की जिम्मेदारी दी गई है। सभी कर्मचारियों की इस क्षेत्र में सफलता की कामना करता हूँ।

आप सभी महामारी की वर्तमान परिस्थिति देखते हुए कोविड के नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रोत्साहित करें।



शुभेच्छाओं के साथ

Neeraj Kant

## टी.पी.एम किक–ऑफ

2003 में टाटा स्टील द्वारा आई एस. डब्ल्यू.पी को टेकओवर किया गया। प्रथम हमने वर्ष 2010 में टी.पी.एम के पथ पर अग्रसर होते हुए लेवल 1 के लिए किक–ऑफ किया। वर्ष 2014 में JIPM द्वारा असेसमेंट में कंपनी को 'अवार्ड फॉर टी.पी.एम् एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया।

वर्ष 2014 में टी.पी.एम लेवल –2 के लिए किक ऑफ किया गया एवं 2020 में TPM के लेवल –2 असेसमेंट में सफलता हासिल कर जापान की संस्था JIPM द्वारा हमें 'अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन कंसिस्टेंट TPM कमिटमेंट' से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष कंपनी ने टी.पी,एम् लेवल–3 के लिए 24 जून 2021 को किक ऑफ किया।

टी.पी,एम् लेवल–3 किक ऑफ समारोह में कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, टीपीएम कंसलटेन्ट श्री सुरजीत देव, उच्च अधिकारीयों, यूनियन डिप्टी प्रेसिडेंट श्री श्रीकांत सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।





## सुझाव योजना

हमारी सुझाव प्रबंधन प्रणाली एक व्यापक प्रणाली है जो संगठन के कर्मचारियों और ठेकेदार कर्मचारियों को अपने विचारों/सुझावों को साझा करने की अनुमति देती है। सुझाव योजना के माध्यम से अपने कार्य क्षेत्र को बिकसित एवं बेहतर बना सकते है।

## टॉप सजेस्टर

प्रत्येक त्रैमासिक अत्यधिक स्वीकृत सुझाव वाले सुझावकर्ताओं को टॉप सजेस्टर से सम्मानित किया जाता है इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में दिलीप कुमार अदक, कृष्णा कुमार दीक्षित, संतोष कुमार, महेंद्र नन्द, विजय कुमार मोदक, प्रसन्ता चटर्जी को टॉप सजेस्टर घोषित किया गया।


दिलीप कुमार अदक


कृष्णा कुमार दीक्षित


संतोष कुमार


महेंद्र नन्द


विजय कुमार मोदक


प्रसन्ता चटर्जी

# सुझाव दिवस

इस वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमासिक के सुझाव दिवस का आयोजन 18 जून 2021 को किया गया। सुझाव का थीम निर्धारित किया गया था जिस आधार पर कर्मचारियों को अपना सुझाव साँझा करना था।

## थीम

- मैन मशीन इंटरफेस (डिजिटल सोलूशन्स लिखे IOT, मशीन लर्निंग)
- कंज़र्वेशन ऑफ मटेरियल / एनर्जी / वाटर
- प्रोडक्शन और प्रोडक्टिविटी

18 जून 2021

| डी.एस.एम.सी कमिटी | सुझाव प्राप्त (संख्या में) |
|---|---|
| डायरेक्ट बिजनेस | 49 |
| जनरल सर्विसेज | 26 |
| जेम्को | 321 |
| रॉड मिल | 144 |
| वायर मिल | 226 |
| **कुल** | **766** |

# बेस्ट सजेसन


18 जून 2021 में आयोजित एक दिवसीय सुझाव दिवस में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रत्येक डी.एस.एम.सी. से एक उत्तम सुझाव को बेस्ट सजेसन घोषित किया जाता है।

इस माह में रॉड मिल से अशोक कुमार महतो, वायर मिल से चन्दन कुमार सिंह, जेम्को से बिजय कुमार मोदक, जनरल सर्विसेज से प्रेरणा धूत के सुझावों को बेस्ट सजेसन से सम्मानित किया गया।


अशोक कुमार महतो


चन्दन कुमार सिंह


बिजय कुमार मोदक


प्रेरणा धूत

# नॉलेज मैनेजमेंट (के.एम.)

सफलता में ज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। नॉलेज मैनेजमेंट एक ऐसा माध्यम है जहाँ हम हमारे ज्ञान को साझा कर सकते है एवं अन्य द्वारा साझा किये गए ज्ञान को प्राप्त एवं उपयोग कर सकते है ।

# के.एम् चैंपियन

प्रत्येक त्रैमासिक जिस विभाग का स्कोर उच्चतम होगा उसे 'के.एम् चैंपियन' से घोषित किया जाता है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में टॉप 3 के.एम् चैंपियन विभागों में कमर्शियल, सी.एस लीगल एवं इंटरनल ऑडिट शामिल थे। जिसमे कमर्शियल विभाग को उच्चतम स्कोर प्राप्त होने के उपलक्ष्य में 'के.एम् चैंपियन' घोषित किया गया।



# के.एम् पीस एक्टिव कंट्रीब्यूटर

जिस कर्मचारी का के.एम् पीस सबसे ज्यादा स्वीकार होगा उस कर्मचारी को उस तिमाही का 'के.एम् पीस एक्टिव कंट्रीब्यूटर' घोषित किया जायेगा। इस वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में ऑफिसर में विशाल कुमार (रॉड मिल), एसोसिएट्स में कविता कुमारी (रॉड मिल) को टॉप के.एम् एक्टिव कंट्रीब्युटर से सम्मानित किया गया।


विशाल कुमार


कविता कुमारी

# मानव संसाधन का कार्यकलाप

## स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ

प्रत्येक माह कोई अधिकारी अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करने के साथ-साथ कंपनी के विभिन्न गतिविधियों में सकारात्मक योगदान देता है तो उसे उस माह का ''स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ'' घोषित किया जाता है।

वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमासिक के अप्रैल माह में, मिथलेश कुमार सिंह, डेप्युटी मैनेजर (सिक्योरिटी), मई माह में विनोद कुमार सीनियर मैनेजर (रॉड मिल), जून माह में बालाबोम्मा शेखर असिस्टेंट मैनेजर (वायर बिजनेस) को स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ घोषित किया गया।

तीनों अधिकारियों को हार्दिक अभिनन्दन।


मिथलेश कुमार सिंह


विनोद कुमार


बालाबोम्मा शेखर

## प्राइड ट्रिविया वीक

विश्व भर में जून माह को प्राइड मंथ के रूप में भी जाना जाता है। हमारा उद्देश्य LGBTQ समुदाय के बारे में जागरूकता बढ़ाना। देश में, 'गर्व' की भावना को उसके वास्तविक सार में अपनाने और LGBTQ समुदाय के अधिकारों के लिए एकजुटता से खड़े होने के लिए भी अपनी ओर से प्रयास कर रहे हैं।

आई.एस.डब्ल्यू.पी में 21 से 25 जून ''प्राइड ट्रिविया वीक - 'व्हाट एवं व्हाई' में कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से एक दैनिक प्रश्नोत्तर वाली ट्रिविया क्विज का आयोजन किया गया। जिसमे कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेताओं में बिजोय लक्ष्मी, सुजीता शरण, प्रेरणा दूत, स्वरुप पात्रा, दीप नारायण विश्वास, रंजन रॉय, अनिल कुमार।

टॉप स्कोरिंग प्राप्त कर्मचारियों को हार्दिक बधाई।





बिजोय लक्ष्मी


सुजीता शरण


प्रेरणा दूत


स्वरुप पात्रा


दीप नारायण विश्वास


रंजन रॉय


अनिल कुमार

# टॉप रेकोर्स FY'22 Q1

मानव संसाधन द्वारा वित्त वर्ष 22 की पहली तिमाही के लिए MyRecos के शीर्ष 3 उच्चतम स्कोर प्राप्त कर्मचारियों का नाम की घोषणा की गई।

## ऑफिसर श्रेणी:

**विजेता** : बालाबोम्मा शेखर (असिस्टेंट मैनेजर – वायर बिजनेस)

**प्रथम रनर अप** : विनोद कुमार (सीनियर मैनेजर – रॉड मिल) एवं मिथलेश कुमार सिंह (डिप्टी मैनेजर – सिक्योरिटी)

**द्वितीय रनर अप** : संतोष कुमार (सीनियर मैनेजर – कमर्शियल)




**विनोद कुमार**
कुल पॉइंट – 10,325

**मिथलेश कुमार सिंह**
कुल पॉइंट – 10,325



**बालाबोम्मा शेखर**
कुल पॉइंट – 12,550



**संतोष कुमार**
कुल पॉइंट – 2550

## एसोसिएट श्रेणी:

**विजेता** : मनीष कुमार सिंह (सीनियर एसोसिएट – मेडिकल सर्विसेज)

**प्रथम रनर अप** : समरेश कुमार (एसोसिएट – मेडिकल सर्विसेज)

**द्वितीय रनर अप** : निरोशा कुमारी (जूनियर एसोसिएट – एडमिनिस्ट्रेशन)



**समरेश कुमार**
कुल पॉइंट – 15,500



**मनीष कुमार सिंह**
कुल पॉइंट – 15,850



**निरोशा कुमारी**
कुल पॉइंट – 15,100

# नई परियोजना

## ग्राफीन बिजनेस –ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह



कोविड 19 महामारी के दौरान 26 मई 2020 को जब उद्योग गंभीर मंदी के दौर से गुजर रहा था। आई.एस.डब्ल्यू.पी ने जमशेदपुर में अपने परिसर के भीतर ग्राफीन पाउडर के उत्पादन से जुड़ी एक नई परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना टाटा स्टील के साथ मिलकर शुरू की गई है और इसमें 100 टन प्रति वर्ष ग्राफीन प्लांट की स्थापना शामिल है।

आई.एस.डब्ल्यू.पी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन की अध्यक्ष श्री राकेशेश्वर पांडे ,सीनियर लीडरशिप टीम, टाटा स्टील टीम की उपस्थिति में ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह किया गया। टाटा स्टील 10 से अधिक वर्षो से कार्बन आधारित नैनोमटेरियल्स पर काम कर रही है। ऐसी ही एक सामग्री - ग्राफीन पाउडर - में कई अनुप्रयोग हैं इसका उपयोग कई कंपोजिट (पॉलिमर, फाइबर, विभिन्न प्रकार के कोटिंग्स, आदि) को मजबूत करने के लिए एक योजक के रूप में भी किया जा सकता है।

## उद्घाटन समारोह

2 मार्च 2021 का दिन आई.एस.डब्ल्यू.पी. के लिए ऐतिहासिक दिन था। हमारे ग्राफीन सयंत्र 'ग्राफिटी' का उद्घाटन चेयरमैन EMERITUS , टाटा संस रतन टाटा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान टाटा संस के चेयरमैन श्री एन चंद्रशेखरन, टाटा स्टील के एम डी  टी.वी नरेंद्रन उपस्थित थे। यह पल ISWPL के कर्मचारियों के एक यादगार पल था जब रतन टाटा द्वारा ISWPL एवं टाटा स्टील के समग्र प्रयास को सराहा और इसे बड़े स्तर पर ले जाने की अपील की और ग्राफीन जैसे नए और इनोवेशन प्रोडक्ट के डिसा में काम करने का सुझाव एवं शुभकामनाएं दी।








# सुरक्षा और व्यावसायिक स्वास्थ्यः

हमने ISWPL में वेलनेस प्रोग्राम के तहत ठेकेदार कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य सूचकांक की निगरानी की। इस साल हमने 16 में से 13.32 का स्वास्थ्य सूचकांक हासिल किया और अधिकांश मापदंडों में सुधार देखा गया। सभी कर्मचारियों को एक संदर्भ के रूप में और सुधार कार्यों के साथ-साथ आगे सुधार करने के लिए दिशा-निर्देशों के लिए एक कार्ड वितरित किया गया है। हमारे डॉक्टरों की टीम लगातार इन विभिन्न मापदंडों की निगरानी करेगी, विशेष रूप से जो मध्यम और उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में हैं। हम अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वस्थ रखने के लिए स्वास्थ्य शिविर और स्वास्थ्य संबंधी सत्र भी आयोजित करेंगे। स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर का अवलोकन नीचे दिया गया है।

## स्वास्थ्य कार्यक्रम

| ISWPL | FY 2020-21 |
|---|---|
| Sample Size | 998 |
| Age Group | Years |
| 18 – 20 Yrs | 7(0.70%) |
| 21 – 30 Yrs | 215(21.54%) |
| 31 – 40 Yrs | 327(32.76%) |
| 41 - 50 Yrs | 237(23.74%) |
| 51 - 60 Yrs | 212(21.14%) |
| Average Age | 39.82 Yrs |
| Male / Female Ratio | 903(90.48%)/ 95(9.51%) |

| Criteria for abnormality | |
|---|---|
| % High Blood Pressure | BP ≥ 140/90 |
| % High Sugar | Sugar ≥ 140 |
| % High Cholesterol | Chol ≥ 200 |
| % High BMI | BMI ≥ 25 |

### मापदंड

| Parameters | Score 2018-19 | Score 2019-20 | Score 2020-21 | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| High BP | 2.01/4 | 2.43/4 | 2.59/4 | Improved |
| High Sugar | 3.74/4 | 3.74/4 | 3.72/4 | Stable |
| High Cholestrol | 3.91/4 | 3.80/4 | 3.91/4 | Improved |
| High BMI | 3.05/4 | 3.08/4 | 3.09/4 | Improved |
| **Health Index** | **12.7/16** | **13.2/16** | **13.3/16** | **Improved** |









# विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति मानव जाति को जागरूक करवाना है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मकसद पूरी पृथ्वी एवं प्रकृति की रक्षा करना है। यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा चलाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहन करना है।

विश्व पर्यावरण दिवस के हिस्से के रूप में हमने ISWPL में इस दिन का आयोजन किया और पूरे महीने को पर्यावरण माह के रूप में मनाया। 'रीइमेजिन, रीक्रिएट एंड रिस्टोर इकोसिस्टम' विषय पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पर्यावरण सुधार पर काइजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रचलित महामारी की स्थिति के कारण इस वर्ष उत्सव वर्चुअल मोड पर आयोजित किया गया था और हमारे सम्मानित एमडी और यूनियन अध्यक्ष ने अन्य एस.एल.टी. सदस्यों और संघ पदाधिकारियों के साथ इस समारोह का उद्घाटन किया।










# खेल कूद

## इंटर डिवीजनल शतरंज चैंपियनशिप

आई.एस.डब्ल्यू.पी. की टीम टाटा स्टील के द्वारा आयोजित इंटर डिविजनल शतरंज प्रतियोगिता में भाग ली। ये प्रतियोगिता 10 जून को आयोजित हुआ। जिसमे टाटा स्टील के सभी ग्रुप कंपनियों और उनके सभी डिवीजनों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता डिजिटल प्लेटफार्म पर आयोजित की गयी थी।

हमारे कंपनी के तरफ से कमर्शियल विभाग के श्री संतोष पांडेय, मंजीत सिंह व शेयर्ड सर्विसेज के वरुण शर्मा ने भाग लिया। इस इवेंट में आने कंपनी का प्रदर्शन शानदार था।



वरूण शर्मा



संतोष पांडेय



मंजीत सिंह

# सी.एस.आर गतिविधियां

आई.एस.डब्ल्यू.पी. ने अपनी सीएसआर की गतिविधियों को विस्तार देते हुए दो तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र 3 जुलाई 2020 से शुरू की गई। इन प्रशिक्षण केंद्रों में बेहतर प्रशिक्षण और प्रदर्शन के लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी. द्वारा उन्हें नए उपकरण उपलब्ध कराए गए। इस उपलक्ष्य में वीपी श्री विजयत कुमार और श्री इंद्रजीत नंदी द्वारा लोवाडीह और रानी कुदर के प्रशिक्षण केंद्रों का मुआयना किया एवं बच्चों को तीर धनुष, 103 प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराए। नये तीर-धनुष प्राप्त कर बच्चे अत्यंत उत्साहित हुए।





कोविड-19 और लॉकडाउन की स्थिति के कारण समाज का हर वर्ग प्रभावित हुआ है किन्नर समाज भी इससे अछूता नहीं रहा उनकी आय भी प्रभावित हुई और काफी कठिनाइयों का सामना उन्हें भी करना पड़ा ऐसे वक्त में समाज के इस उपेक्षित वर्ग की सहायता के लिए आइएसडब्ल्यूपी ने कदम उठाए और उन्हें राशन के अलावा उनकी जरूरत के और दूसरे सामान भी मुहैया कराए।




कोमोलिका बारी ने अपने खेल जीवन की शुरुआत 2012 में आई.एस.डब्ल्यू.पी. स्पोर्ट्स कंपलेक्स से की थी उस वक्त उसकी उम्र 11 वर्ष थी सन 2016 में उसका चयन टाटा आर्चरी अकैडमी में हुआ 2019 में आई.एस.डब्ल्यू.पी. से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली इस तीरंदाज ने ढाका में आयोजित वर्ल्ड रैंकिंग चैंपियनशिप में तीसरा रैंक हासिल किया 2019 में स्पेन में आयोजित वर्ल्ड यूथ आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड जीता 2021 के अप्रैल माह में ग्वाटेमाला और जून माह में पैरिस में गोल्ड जीतने वाली भारतीय तीरंदाजी टीम की सदस्य थी कोमोलिका इसी साल अगस्त माह में पोलैंड में आयोजित वर्ल्ड यूथ आर्चरी चैंपियनशिप में मिक्स टीम इवेंट का और इंडिविजुअल इवेंट का गोल्ड भी कोमोलिका ने जीता। आई.एस.डब्ल्यू.पी. परिवार की ओर से कोमोलिका को बधाई और शुभकामनाएं।



# अंतराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ एक तेज दिमाग, स्वस्थ दिल और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है।

कोरोना को मद्देनजर रखते हुए आई .एस. डब्ल्यू.पी में ऑनलाइन प्लेनफोर्म में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। ISWPL ने 21 जून 2021 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम के प्रवक्ता योग विशेषज्ञ श्री राजीव नायर द्वारा योग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान हुआ । इस अवसर में कंपनी प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, उच्च अधिकारियों, यूनियन सदस्यों संग 103 कर्मचारियों ने भाग लिया।



# सेवानिवृति

इस वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमासिक में निम्नलिखित तीन कर्मचारी सेवानिवृत हुए। हम उनके खुशहाल जीवन एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करते है।



**रेयाज उद्दीन**
कार्यआरंभ तारीख – 3 फरवरी 1986




**रमेश कुमार शर्मा**
कार्यआरंभ तारीख – 4 अप्रैल 1989



**देवेन्द्र कुमार**
कार्यआरंभ तारीख – 12 मई 1989

# श्रद्धांजलि

आई.एस.डब्ल्यू.पी रॉड मिल विभाग में कार्यरत श्री समीर कुमार डीन एवं रमाई बांद्रा का 19 मई 2021 को निधन हो गया। हम शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।



**समीर कुमार डीन**
कार्यारंभ तारीख– 21 दिसंबर 1991




**रमाई बांद्रा**
कार्यारंभ तारीख–15 जून 2015


# कोरोना से बचाव के उपाय




कोरोना रोधी टीका पूरी तरह सुरक्षित है। यह टीका के लगाने से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है। बल्कि यह टीका कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाता है। इसलिए सभी को कोरोना टीका लगवानी चाहिए। पूरे देश में अभी 18 वर्ष से ऊपर से सभी लोगों को टीका लगाया जा रहा है। अपना निबंधन कराकर जरुर टीका लगावा लें। इससे ना सिर्फ आप कोरोना से सुरक्षित रहेंगे, बल्कि इसका प्रसार भी रुकेगा। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित रहेंगे।




***COVID-19 महामारी के दौरान घर से काम कर रहे व्यक्ति के लिए एक सुरक्षित और कुशल वर्कस्टेशन को सर्वोत्तम तरीके से स्थापित करने के तरीके के बारे में यहां कुछ युक्तियां दी गई हैं।***




### पांच प्रमुख एर्गोनॉमिक्स मुद्दे हैं:

- अपनी पीठ को सहारा दें।
- अपनी कुर्सी समायोजित करें।
- अपने पैरों को फर्श पर टिकाएं।
- अपनी स्क्रीन को आंखों के स्तर पर रखें।
- स्क्रीन रिफ्लेक्शन से बचें।


हमारी पत्रिका **''तार समाचार''** आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव Business Excellence विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : rakesh.babu@iswp.co.in
मुद्रित : **स्टील सिटी प्रेस लि०**